## महत्वपूर्ण एवं खास

### भीषण गर्मी से मिलेगी राहत, प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** भीषण गर्मी के बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। आज प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारीश होने की संभावना है। वज्रपात और अंधड़ चलने की भी संभावना है। वहीं उत्तर छग में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। भारत की मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान और पंजाब के आसपास के हिस्सों पर बना हुआ है और अन्य चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में है। एक ट्रफ गंगीय पश्चिम बंगाल से ओडिशा के तटीय क्षेत्रों से होते हुए तटीय आंध्रप्रदेश तक जा रही है। अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। राजस्थान, दक्षिण हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में आंधी चल सकती है।

### छात्रवृत्ति के लिए 25 मई तक बैंक से आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) का पंजीयन/स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल http://postmatricscholarship.cg.nic.in/ के माध्यम से किया जा रहा है। भारत सरकार के नियमानुसार विद्यार्थियों को पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों का बैंक खाते का आधार से सीडिंग होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों के बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाना संभव नहीं हो रहा है। वर्ष 2022-23 के ऐसे विद्यार्थी जिनका छात्रवृत्ति भुगतान नहीं हुआ है वे तत्काल अपना व्यक्तिगत बैंक खाता को आधार सीडिंग कराकर 25 मई 2023 के पूर्व कार्यालय, कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में संपर्क कर सकते है। निर्धारित समयावधि तक आधार सीडिंग की जानकारी नहीं दिए जाने की दशा में संबंधितों को छात्रवृत्ति भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

### सारंगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में आज सुबह 10 से 2 बजे विद्युत बंद

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सारंगढ़ उपकेंद्र में मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव और सुधार कार्य हेतु शनिवार 20 मई को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक सारंगढ़ ब्लॉक में गुडेली, कोसीर, छिंद और सारंगढ़ ग्रामीण (सारंगढ़ शहरी क्षेत्र को छोड़कर) के अंतर्गत समस्त 33 केव्ही की लाइन बंद रहेगी। मेंटेनेंस के हिसाब से निर्धारित समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### अनवर ढेबर और नितेश पुरोहित को 14 दिन की जेल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में हुए दो हजार करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार कारोबारी अनवर ढेबर, और नितेश पुरोहित को विशेष अदालत ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं आबकारी अफसर एपी त्रिपाठी, और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को 4 दिन और ईडी की रिमांड पर रहेंगे। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में ईडी ने शराब घोटाला केस के चारों अभियुक्त अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित और एपी त्रिपाठी व त्रिलोक (पप्पू) सिंह ढिल्लन को पेश किया। ईडी की टीम प्रकरण से जुड़े कागजात लेकर अदालत में पहुंची थी। अनवर, और नितेश को पहले ही 14 दिन ईडी की रिमांड पर रह चुके है जिसके चलते अदालत ने उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने के आदेश दिए हैं। जबकि एपी त्रिपाठी और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को चार दिन की और ईडी की रिमांड मंजूर किया गया हैं।

# रामकथा की कलात्मक प्रस्तुति के सबसे आरंभिक दृश्य रायगढ़ की ओंगना पहाड़ियों में, राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में होगा रामायण का विराट मंचन

- भव्य रामकथा जो युगों से कई रूपों में कला में अभिव्यक्त होती आई, कई प्रदेशों में और कई देशों में कई रूपों में अभिव्यक्त हुई, उन सबको समाहित कर प्रस्तुत करने की अभिनव पहल है राष्ट्रीय रामायण महोत्सव
- शैल चित्रों में दिखती है रामायण प्रसंग की झलक, जनश्रुतियों में मिलता है उल्लेख
- धरमजयगढ़ के ओंगना पहाड़ियों में अंकित है राम और दशानन के बीच युद्ध जैसा चित्र
- समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने 1 से 3 जून तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित हो रहा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव






**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ में राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन करा रहे हैं इसके माध्यम से देश-विदेश में प्रचलित रामायण के विविध रूपों और भगवान श्रीराम के आदर्शों की झलक महोत्सव के माध्यम से देखने मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही यह पहल उस विशिष्ट परंपरा को ऊंचाई देने की दिशा में सार्थक पहल है जिसकी सबसे पहले शुरूआत उन शैलचित्रों से हुई जो रायगढ़ के ओंगना में दिखते हैं। यहां लोकअनुश्रुति है कि ओंगना की पहाडिय़ों में रामकथा का चित्रण है। यहाँ दस सिरों वाले एक व्यक्ति का युद्ध एक युवक से होता दिखाया गया है। लोक अनुश्रुति है कि दस सिर वाला व्यक्ति रावण है और उनसे युद्ध कर रहे व्यक्ति राम। इस तरह रामकथा की कलात्मक प्रस्तुति का जो बीज ओंगना में शैल चित्रकारों ने रोपा, अब उसकी विशिष्ट कलात्मक प्रस्तुति रामायण महोत्सव के रूप में होगी।

संस्कृतिधानी रायगढ़ अपने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में विशिष्ट स्थान रखता है। रायगढ़ कला की नगरी है। यहां के मूर्धन्य कला साधकों ने देश-विदेश के कला क्षितिज पर अपनी प्रतिभा से विशेष लालिमा बिखेरी है। रायगढ़ में रामायण को कहे और सुने जाने के साथ रामलीला मैदान में उसके जीवंत मंचन की एक समृद्ध परंपरा रही है। कला का यह स्वरूप रायगढ़ के इतिहास से भी जुड़ाव रखता है। रायगढ़ की ख्याति यहां की पहाडिय़ों में हजारों वर्षों पूर्व के बने शैल चित्रों के लिए भी है। जो तत्कालीन समाज के जीवनशैली से परिचय कराते हैं। शैल चित्रों की इन्हीं श्रृंखला के बीच रायगढ़ जिले के सुदूर वनांचल में बसे धरमजयगढ़ विकासखंड से 8 कि.मी.दूर ओंगना पहाड़ी स्थित है। यहां पर भी कई शैल चित्र बने हुए हैं। जिनमें एक चित्र है जिसमें दस सर वाला व्यक्ति अंकित है जो दूसरे व्यक्ति से युद्ध करता दिखाई देता है। पास ही एक महिला खड़ी है। जनश्रुतियों के अनुसार यह रामायण के राम रावण युद्ध प्रसंग से समानता रखता है।

शैल चित्र प्राचीन कालीन समाज और जीवनशैली का जीवंत पुलिंदा है। हजारों वर्ष पूर्व बने ओंगना पहाड़ी के इन शैलाश्रयों में बने चित्र जनश्रुतियों के अनुसार तब के समाज में रामायण के प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। रामायण की गाथा पीढिय़ों से कही और सुनी जा रही है। देश के विभिन्न भागों में इसके विभिन्न स्वरूप प्रचलित हैं। किंतु पुरातात्विक अवशेषों के रूप में रामायण प्रसंग का उल्लेख दुर्लभ है। छत्तीसगढ़ की धरा से भगवान के राम के जुड़ाव के कई प्रसंग मिलते हैं। छत्तीसगढ़ को भगवान राम की माता कौशल्या की जन्मभूमि माना जाता है। इस नाते उन्हें छत्तीसगढ़ में भांजे का दर्जा प्राप्त है। प्रदेश में माता कौशल्या भी आराध्य हैं। चंदखुरी में देश का इकलौता कौशल्या माता का मंदिर निर्मित है। वनवास के दौरान भी भगवान राम छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से गुजरे थे। जिन्हें चिन्हांकित कर राम वन गमन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है।

रायगढ़ से रामायण के जुड़ाव की इस अमूल्य विरासत को आगे बढ़ाने के क्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक प्रदेश का पहला राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिसमें देश-विदेश की मंडलियां रामायण के अरण्य काण्ड पर प्रस्तुति देंगी। इस विराट आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। रामायण प्रसंग के मंचन के साथ ही कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और केलो महाआरती व दीपदान का कार्यक्रम भी आयोजित है।

## सारंगढ़ के शिविर में बड़ी संख्या में शामिल हुए दिव्यांग : 400 दिव्यांगों का हुआ पंजीयन



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ में शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गणमान्य नागरिक अरूण मालाकार उपस्थित थे। शिविर में लगभग 600 दिव्यांग शामिल हुए, जिनको शिशु, अस्थि, मानसिक मंदता, नेत्र, मुख-कान रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परीक्षण किया गया। लगभग 400 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ। पंजीयन के बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग यूडीआईडी कार्ड की प्रक्रिया के लिए राज्य शासन को भेजे जाएंगे। प्रमाण पत्र वेबसाईट स्वावलंबनकार्डडॉटजीओव्हीडॉटइन से डाउनलोड किया जा सकता है। शिविर में जिनका प्रमाण पत्र वैध है, वो भी शामिल हो गए थे, उनको शिविर में आने की जरूरत नहीं है। शिविर के सफल आयोजन में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरपालिका, राजस्व, जनपद एवं ग्राम पंचायत के अधिकारियों-कर्मचारियों का योगदान था। इस अवसर पर समाज कल्याण के उप संचालक आलोक भवाल और विनय तिवारी का विशेष योगदान था।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के जनदर्शन कार्यक्रम एवं सामान्य कार्यालयीन दिवसों में भी दिव्यांग अपने से जुड़े कार्यों के लिए उनसे मुलाकात कर अपनी समस्या को बताते रहे हैं। उनके मूल समस्याओं को दूर करने के लिए कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जिले में शिविर के माध्यम से दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिलाने के लिए समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। प्रमाण पत्र बनने से सभी दिव्यांग अपने से जुड़े किसी भी प्रकार के शासकीय और अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सारंगढ़ के बाद अगला शिविर बरमकेला में 26 मई को और बिलाईगढ़ में 2 जून 2023 को होगी।

## शासन के माध्यम से स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों को मिल रहा मंच-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल

- नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में हुआ जिला स्तरीय रामायण मंडली गायन प्रतियोगिता का आयोजन
- प्रथम स्थान पर रही खरसिया की मानस मंडली नावापारा
- बच्चों ने दी रामायण मंडली प्रतियोगिता में जीवंत प्रस्तुति
- विजेता मंडली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी जिले का प्रतिनिधित्व



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में किया गया। जिसमें विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता 7 मंडलियों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने रामदरबार की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन छत्तीसगढ़ की परम्परा और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही है, इसी कड़ी में रामायण मंडली गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिला स्तरीय रामायण मंडली के प्रतिभागियों को अपना शत-प्रतिशत देने को कहा, ताकि राज्य स्तर के प्रतियोगिता में जीत कर जिले का नाम रोशन कर सके। जिला स्तरीय रामायण मंडली गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राम चरित मानस के अरण्यकाण्ड के गायन, कथा के माध्यम से भगवान राम का चरित्र चित्रण, वन गमन, शबरी भेंट के विभिन्न संवादों की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें बच्चों ने विभिन्न किरदारों का अभिनय कर गायन प्रतियोगिता को जीवंत कर दिया। सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास ने बताया की रामायण मंडली गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खरसिया के मानस मंडली नावापारा पश्चिम रहे। वही दूसरे स्थान पर घरघोड़ा के सजे मैया के दरबार तथा तीसरे स्थान पर पुसौर के रामायण संगीत समूह रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने 50 हजार रुपये का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ नव विवाहिता सम्मान समारोह

- नव विवाहित जोड़ों ने मतदान की ली शपथ
- सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने दिलाई शपथ



**रायगढ़।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आज कलेक्टर कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में जिले के नव युगल दंपत्तियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नवयुगल दंपत्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सभी नव विवाहिताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मत देने का अधिकार प्रदान किया है। यह संविधान द्वारा प्रदत्त अत्यंत महत्वपूर्ण अधिकार है जिसमें नागरिक मत से अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने सभी नवयुगल दंपत्तियों से आग्रह किया कि मतदान के महत्व को समझते हुए मतदाता परिचय पत्र में अपना नाम जुड़वाएं और मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर उन्होंने सभी को शपथ भी दिलाई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान उप निर्वाचन अधिकारी डी.आर.रात्रे, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ लोमश मिरी, महिला बाल विकास विभाग से अनिता नायक सहित बूथ लेवल ऑफिसर्स उपस्थित थे।

**कार्यक्रम में ये नव युगल दम्पत्ति हुए शामिल-** प्रकाश गुप्ता एवं रजनी भोय, सोमेश कुमार पांडे एवं स्वाती पांडे, अमित देवांगन एवं अमिता देवांगन, दीपेश देवांगन एवं वंदना देवांगन, सौरभ पोद्दार एवं नेहा पोद्दार, तापस सरकार एवं गायत्री सरकार, विजय दास महंत एवं राजकुमारी महंत, कमल साहू एवं रंजीता साहू, सुंदर यादव एवं गीता यादव, चंद्रसेन चौहान एवं चांदनी चौहान, सूरज सिदार एवं आरती सिदार, मंगलू यादव एवं सुभाषिनी यादव, गौतम महंत एवं पुष्पा महंत, सतीश कुमार नामदेव एवं ज्योति नामदेव, मनीष कुमार एवं सुनीता विश्वकर्मा, भागीरथी यादव एवं शकुन्तला यादव, केशव दुबे एवं शालिनी दुबे, मुकेश कुमार पटनायक एवं जया पटनायक, शिवम भट्ट एवं रूकमणी भट्ट, दुर्गा प्रसाद एवं पार्वती पाव, दीपक ठाकुर एवं चांदनी ठाकुर, सुमित दुबे एवं अंकिता दुबे, जयेन्द्र पैंकरा एवं भगवती पैंकरा, धर्मेन्द्र सोनारिया एवं सुनीता सोनारिया, घासी शर्मा एवं सुमन शर्मा, तुलाराम नायक एवं वर्षा नायक, सूरज सिदार एवं सोनिया सिदार, भूपेन्द्र कुमार मैत्री एवं देवकी मैत्री तथा रविकांत एवं धनेश्वरी वारे नवयुगल मतदाता का सम्मान समारोह में शामिल हुए।

## मानपुर इलाके में माओवादियों ने तेंदूपत्ता गड्डियों में लगाई आग



**मोहला-मानपुर (आरएनएस)।** मानपुर इलाके में माओवादियों ने फिर से अपनी चहलकदमी दिखाई है। यहाँ मदनवाड़ा थानाक्षेत्र व हुरेली ग्राम पंचायत अंतर्गत बस्तर की सीमावर्ती पांच गावों में एक ही रात धावा बोलते हुए लाल सेना ने हरा सोना यानी तेंदूपत्ता की गड्डियों को आग लगा दी है। ग्राम दोरदे, हुरवे, हुरेली, चिखलांग तथा कलवर इन गांवों में फडों में सुखाए गए तेंदूपत्ता की गड्डियों को माओवादियों ने फूंका है। वहीं फड़ों में पेड़ों पर आरकेबी डिवीजन के हवाले से जारी पर्चे भी टांगे गए हैं यही नही गड्डियों में भी पर्चे दबाए गए है।जिसमे तेंदूपत्ता के दाम में बढ़ोतरी समेत कई तरह से नक्सल आह्वान लिखे हुए हैं। दाम नही बढाने पर ठेकेदार को मार भगाने की अपील भी की गई है। घटना के बाद इलाके में सन्नाटा है। पुलिस भी मौके पर फिलहाल नही पहुंच पाई है तथा पर्चे माओवादी दहशतगर्दी का पर्याय बनी हुई है। दूसरी ओर दक्षिण वन परिक्षेत्र अधिकारी अय्यूब खान ने बताया कि विभिन्न गांवों के कुल 15 फडों में आग लगाई गई है।

## सारथी ऐप : अब नागरिक घर बैठें अपनी शिकायतें शासकीय विभागों तक पहुंचा सकेंगे

- मुख्यमंत्री 21 मई को सांकरा पाटन में आयोजित
- भरोसे का सम्मेलन में सारथी ऐप का करेंगे शुभारंभ
- दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा तैयार किया गया है सारथी ऐप

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को दुर्ग जिले के सांकरा पाटन में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में सारथी ऐप का शुभारंभ करेंगे। दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा तैयार कराए गए इस मोबाईल ऐप के माध्यम से नागरिक आसानी से किसी भी समय अपनी शिकायत को दर्ज व ट्रैक कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक शासन के विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों और समस्याओं का संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया जाएगा। सारथी ऐप को मोबाइल के माध्यम से गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

इस ऐप में मोबाइल नंबर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करते ही उसे यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। प्राप्त आईडी में व्यक्ति लॉगिन कर अपनी समस्या को दिए गए फॉर्मेट में अंकित कर अपने आवेदन को सबमिट करेगा। ऐप के माध्यम से दर्ज की गई शिकायत अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए नोडल अधिकारी के पास प्रस्तुत होगी। जिसमें नोडल अधिकारी संबंधित विभाग को आवेदन फॉरवर्ड करेगा। प्राप्त आवेदन पर संबंधित विभाग को नियत समय पर दर्ज शिकायत का निराकरण करना होगा। जिसकी ट्रैकिंग आवेदक घर बैठे ही मोबाइल एप के द्वारा कर सकेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों की जनसुविधा को ध्यान में रखकर यह जिला स्तरीय ऐप बनाया गया है। गूगल प्ले स्टोर पर यह मोबाइल एप्लीकेशन नाम से उपलब्ध है।

## रीपा गोठानों में कार्यरत लोगों का बनाए श्रमिक कार्ड -कलेक्टर सिन्हा

- रीपा गोठानों के शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश
- मांग के अनुरूप गौमूत्र के उत्पाद बनाने में लाए तेजी
- कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करें पूर्ण
- सभी जनपद सीईओ जल जीवन मिशन के कार्यों का करें निरीक्षण
- कलेक्टर सिन्हा ने की रीपा एवं गोधन योजना की समीक्षा



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सृजन सभा कक्ष में रीपा, गोधन योजना एवं नरेगा के कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने रीपा गोठानों की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए आजीविका मूलक कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा में कार्यरत लोगों के श्रमिक कार्ड बनाने के निर्देश दिए, ताकि उन्हे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने विकासखंडवार रीपा गोठानों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि गोठानों में अधोसंरचना विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में उन्होंने प्रस्तावित गतिविधियां एवं प्रारंभ गतिविधियों की जानकारी ली। अधिकांश गतिविधियों के अप्रारंभ होने में लोन की समस्या की जानकारी होने पर कलेक्टर सिन्हा ने गहरी नाराजगी जताते हुए लीड बैंक अधिकारी को लोन प्रकरण के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नोडल अधिकारियों से प्रारंभ हो चुके गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गोठानों में बाजार की मांग एवं लिंकेज के आधार पर उत्पाद तैयार किया जाए, ताकि हितग्राहियों को विक्रय में आसानी हो। इस दौरान उन्होंने संबलपुरी गोठान में सिलाई करने वाली समूह को बेहतर प्रशिक्षण के साथ कार्य प्रदान करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होने गोधन न्याय योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने गोठानों में पानी, चारा एवं छांव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने प्रत्येक गोठानों से 2 क्विंटल प्रतिदिन गोबर खरीदी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोठानों में वर्मी उत्पादन के साथ बाड़ी, दुग्ध उत्पादन जैसे अन्य गतिविधियों को बढ़ाया जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को गोठानों के नियमित भ्रमण करने एवं स्वावलंबी गोठानों की स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने पशुपालन विभाग को मांग अनुसार गौमूत्र उत्पाद बनाने में तेजी लाने एवं उत्पाद के प्रदर्शन के निर्देश दिए। जिससे किसान वृद्धिवर्धक-जीवामृत, कीटनाशक ब्रम्हास्त्र का उपयोग कर सके।

कलेक्टर सिन्हा ने नरेगा के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने पंचायत स्तर पर ग्रामीण अंचल में चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि सचिव काम में लौट चुके है, अत: पेंशन, राशन जैसे विभिन्न लंबित कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करें। उन्होने जनपद सीईओ को जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण करने एवं महिला समूह का सम्मेलन करवाने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480